राजस्थान विश्वविद्यालय की छात्रा अवनी लेखरा को पैरा ओलंपिक में गोल्ड मेडल,
कुलपति द्वारा बधाई, विश्वविद्यालय करेगा विशेष सम्मान समारोह|

जयपुर 30 अगस्त। राजस्थान विश्वविद्यालय के पंचवर्षीय विधि महाविद्यालय में चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययन कर रही छात्रा अवनी लेखरा ने आज टोक्यो पैरा ओलंपिक खेलों में 10 मीटर राइफल शूटिंग में गोल्ड मेडल हासिल किया। राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजीव जैन ने अवनी लेखरा को बधाई देते हुए इसे विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय पटल पर एक विशेष उपलब्धि बताया है।

कुलपति प्रो राजीव जैन ने अवनी के भारत लौटने पर राजस्थान विश्वविद्यालय में उनकी इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए एक विशिष्ट सम्मान समारोह आयोजित करने की भी घोषणा की है। कुलपति प्रोफेसर राजीव जैन ने अवनी लेखरा के माता पिता को टेलीफोन पर संपूर्ण विश्व विद्यालय की ओर से बधाई भी प्रेषित की।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय की इस छात्रा के बाल्यकाल में हुए एक हादसे के कारण दोनों पैर काम नहीं कर रहे हैं। अवनी के माता-पिता ने शूटिंग खेल के प्रति बचपन से ही अवनी को प्रोत्साहित किया एवं अवनी ने इसमें कड़ी मेहनत कर अपना निरंतर अभ्यास जारी रखा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय पंचवर्षीय विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर संजुला थानवी द्वारा भी विश्वविद्यालय की ओर से अवनी को शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

जनसंपर्क अधिकारी